# तेरी मर्जी का मैं हूँ गुलाम बांसुरी वाले श्याम भजन लिरिक्स

तेरी मर्जी का मैं हूँ गुलाम,
बांसुरी वाले श्याम।bd।

---

मुरली की धुन पे दुनिया को नचाते,
अपने भक्तों की बिगड़ी बनाते,
बड़ा पावन प्रभु तेरा नाम,
बांसुरी वाले श्याम,
तेरी मर्जी का मैं हूं गुलाम,
बांसुरी वाले श्याम।bd।

---

कठिन घड़ी में जब भक्त पुकारे,
दौड़े चले आते मेरे श्याम प्यारे,
रात दिन हो सुबह हो या शाम,
बांसुरी वाले श्याम,
तेरी मर्जी का मैं हूं गुलाम,
बांसुरी वाले श्याम।bd।

---

वेद पुराण तेरी महिमा बखाने,
पर तेरी माया प्रभु तू ही जाने,
'रवि' करता तेरा गुणगान,
बांसुरी वाले श्याम,
तेरी मर्जी का मैं हूं गुलाम,
बांसुरी वाले श्याम।bd।

---

तेरी मर्जी का मैं हूँ गुलाम,
बांसुरी वाले श्याम।bd।

**Singer – Ravi Raj**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com